काव्यशास्त्र के 100 महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न (उत्तर सहित) – PDF

भारतीय व पाश्चात्य काव्यशास्त्र • UGC NET/JRF, TGT/PGT, स्कूल व्याख्याता, RPSC • हर प्रश्न के नीचे सही उत्तर दिया गया है

भारतीय काव्यशास्त्र: आचार्य और ग्रंथ

1 संस्कृत काव्यशास्त्रीय ग्रंथों के आधार पर काव्यशास्त्र का प्रथम आचार्य माना जाता है?

(अ) आनंदवर्धन
(ब) भरतमुनि
(स) भट्टतौत
(द) कुंतक

उत्तर: (ब) भरतमुनि

2 'काव्यालंकार' किसकी रचना है?

(अ) भामह
(ब) जगन्नाथ
(स) कुंतक
(द) विश्वनाथ

उत्तर: (अ) भामह

3 'अभिनवभारती' में किस ग्रंथ की टीका व व्यवस्था है?

(अ) साहित्यदर्पण
(ब) नाट्यशास्त्र
(स) काव्यकौतुक
(द) काव्यप्रकाश

उत्तर: (ब) नाट्यशास्त्र

4 काव्यालंकार सारसंग्रह किसकी रचना है?

(अ) उद्भट
(ब) मम्मट
(स) भट्टतौत
(द) महिमभट्ट

उत्तर: (अ) उद्भट

5 'ध्वन्यालोक' के रचनाकार कौन हैं?

(अ) मम्मट
(ब) आनंदवर्धन
(स) वामन
(द) उद्भट

उत्तर: (ब) आनंदवर्धन

6 'ध्वन्यालोक' की टीका का क्या नाम है?

(अ) काव्यमीमांसा
(ब) रसगंगाधर
(स) लोचन
(द) नाट्यशास्त्र

उत्तर: (स) लोचन

7 'दशरूपक' के रचनाकार कौन है?

(अ) विश्वनाथ
(ब) वामन
(स) धनंजय
(द) कुंतक

उत्तर: (स) धनंजय

आपकी परीक्षा के लिए स्पेशल नोट्स — ऑर्डर पर तैयार!
RPSC, TGT, PGT, UPSC, UGC NET/JRF या किसी भी भर्ती परीक्षा के लिए आपके पाठ्यक्रम के अनुसार अलग से नोट्स ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं। यह सेवा सशुल्क है।
WhatsApp करें: 9680260474 | store.hindisahity.com | YouTube चैनल
केवल कृष्ण घोड़ेला (एम.ए., बी.एड., नेट हिंदी) • संचालक, हिंदी साहित्य चैनल

8 व्यक्तिविवेक रचना के रचनाकार कौन है?

(अ) धनंजय
(ब) महिमभट्ट
(स) जगन्नाथ
(द) भोज

उत्तर: (ब) महिमभट्ट

9 'काव्यप्रकाश' के रचनाकार कौन है?

(अ) दण्डी
(ब) मम्मट
(स) कुंतक
(द) भोज

उत्तर: (ब) मम्मट

10 'रसगंगाधर' के रचयिता कौन है?

(अ) भोज
(ब) महिम भट्ट
(स) जगन्नाथ
(द) रुय्यक

उत्तर: (स) जगन्नाथ

11 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता कौन हैं?

(अ) मम्मट
(ब) उद्भट
(स) भरतमुनि
(द) भामह

उत्तर: (स) भरतमुनि

12 काव्यादर्श एवं दशकुमारचरित ग्रंथों के रचयिता कौन हैं?

(अ) भरत
(ब) भामह
(स) दण्डी
(द) भट्टतौत

उत्तर: (स) दण्डी

13 काव्यालंकार सूत्रवृत्ति रचना के रचनाकार कौन है?

(अ) राजशेखर
(ब) वामन
(स) भोज
(द) रुय्यक

उत्तर: (ब) वामन

काव्य हेतु, प्रतिभा और प्रयोजन

14 काव्य हेतु के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?

(अ) काव्य हेतु से तात्पर्य काव्य की उत्पत्ति का कारण है।
(ब) भामह ने प्रतिभा को काव्य का मुख्य हेतु माना है।
(स) आचार्य रुद्रट ने प्रतिभा के दो भेद बताए- सहजा एवं उत्पाद्या।
(द) आचार्य हेमचंद्र ने काव्य के तीन हेतु माने हैं- शक्ति, लोकशास्त्र का अन्वेक्षण और अभ्यास।

उत्तर: (द) आचार्य हेमचंद्र ने काव्य के तीन हेतु माने हैं- शक्ति, लोकशास्त्र का अन्वेक्षण और अभ्यास।

15 प्रतिभा के दो भेद 'कारयित्री' एवं 'भावयित्री' किस आचार्य ने किए?

(अ) विश्वनाथ
(ब) राजशेखर
(स) मम्मट
(द) भोज

उत्तर: (ब) राजशेखर

16 'प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता।' किसकी पंक्ति है?

(अ) रुद्रट
(ब) जगन्नाथ
(स) भट्टतौत
(द) वामन

उत्तर: (स) भट्टतौत

17 'धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।' किसकी पंक्ति है?

(अ) भामह
(ब) मम्मट
(स) भरत
(द) वामन

उत्तर: (अ) भामह

शब्द शक्ति

18 शब्दशक्ति के मूलतः कितने भेद माने गए है?

(अ) एक
(ब) चार
(स) पाँच
(द) तीन

उत्तर: (द) तीन

19 जब प्रसिद्ध अर्थ अथवा साक्षात् संकेतित अर्थ-बोध के मूल कारण उपलब्ध हों तब कौन-सी शब्दशक्ति होती है?

(अ) लक्षणा
(ब) अभिधा
(स) व्यंजना
(द) तात्पर्यवृत्ति

उत्तर: (ब) अभिधा

20 रूढ़ा और प्रयोजनवती किस शब्दशक्ति के प्रमुख भेद है?

(अ) अभिधा
(ब) व्यंजना
(स) लक्षणा
(द) तात्पर्यवृत्ति

उत्तर: (स) लक्षणा

संप्रदाय: ध्वनि, अलंकार, रीति, वक्रोक्ति, औचित्य

21 निम्न में से कौन अलंकारवादी आचार्य नहीं है?

(अ) वामन
(ब) भामह
(स) दण्डी
(द) उद्भट

उत्तर: (अ) वामन

22 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्'-किसका कथन है?

(अ) वामन
(ब) मम्मट
(स) दण्डी
(द) जगन्नाथ

उत्तर: (द) जगन्नाथ

23 भामह किस संप्रदाय के समर्थक हैं?

(अ) रीति
(ब) वक्रोक्ति
(स) ध्वनि
(द) अलंकार

उत्तर: (द) अलंकार

24 ध्वनि-सिद्धांत के प्रवर्तक माने जाते है?

(अ) आनंदवर्धन
(ब) मम्मट
(स) भामह
(द) वामन

उत्तर: (अ) आनंदवर्धन

25 रीति को संघटना अर्थात् सम्यक घटना नाम किस आचार्य ने दिया?

(अ) वामन
(ब) भोज
(स) आनंदवर्द्धन
(द) रुय्यक

उत्तर: (स) आनंदवर्द्धन

26 'रीतिरात्मा काव्यस्य'-किसने कहा था?

(अ) वामन
(ब) भरत
(स) महिम भट्ट
(द) कुंतक

उत्तर: (अ) वामन

27 'कवि समय' का सर्वप्रथम व्यवस्थित एवं पर्याप्त निरूपण किस आचार्य द्वारा किया गया?

(अ) वामन
(ब) भरत
(स) राजशेखर
(द) भामह

उत्तर: (स) राजशेखर

28 आचार्य दण्डी ने 'शरीरं तावद्दिष्टार्थ व्यवच्छिना पदावली' कहकर काव्य की परिभाषा दी है। उनका ग्रंथ कौन-सा है?

(अ) काव्यालंकार
(ब) काव्यादर्श
(स) काव्य परिचय
(द) काव्य प्रकाश

उत्तर: (ब) काव्यादर्श

29 प्रतीयमान अर्थ को काव्यात्मा स्वीकार करने में उपर्युक्त मत किसने दिया?

(अ) आनंदवर्धन
(ब) पंडितराज जगन्नाथ
(स) कुंतक
(द) अभिनवगुप्त

उत्तर: (अ) आनंदवर्धन

30 'ध्वन्यालोक' में उद्योत है –

(अ) 1
(ब) 2
(स) 3
(द) 4

उत्तर: (द) 4

31 जनश्रुति के आधार पर किस आचार्य को रस के प्रवर्तक होने का श्रेय दिया गया है?

(अ) भरत
(ब) नन्दिकेश्वर
(स) भामह
(द) दण्डी

उत्तर: (ब) नन्दिकेश्वर

रस सिद्धांत और साधारणीकरण

32 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः' – रसनिष्पत्ति के संबंध में उक्त प्रख्यात कथन किसका है?

(अ) नन्दिकेश्वर
(ब) भरत
(स) आनंदवर्धन
(द) भोज

उत्तर: (ब) भरत

33 'साधारणीकरण विभावादि का होता है, यह भावकत्व का परिणाम है' यह किस व्याख्याकार का कथन है?

(अ) भट्टलोल्लट
(ब) भट्टनायक
(स) रामचंद्र शुक्ल
(द) डॉ. नगेन्द्र

उत्तर: (ब) भट्टनायक

34 रससूत्र के व्याख्याकारों का सही अनुक्रम क्या है?

(अ) भट्टनायक, भट्टलोल्लट, शंकुक, अभिनवगुप्त
(ब) भट्टलोल्लट, शंकुक, अभिनवगुप्त, भट्टनायक
(स) भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनवगुप्त
(द) शंकुक, भट्टलोल्लट, भट्टनायक, अभिनवगुप्त

उत्तर: (स) भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनवगुप्त

और अभ्यास चाहिए? पूरा सेट स्टोर पर

UGC NET/JRF हिंदी साहित्य की तैयारी के लिए नोट्स और टेस्ट सीरीज़ — नीचे के लिंक पर क्लिक करें

UGC NET/JRF हिंदी टेस्ट सीरीज़ | UGC NET Paper 1 Combo Notes | साहित्य शास्त्र नोट्स | काल-वार प्रश्नोत्तरी

35 क (स्थापना): काव्य का आनंद लोकोत्तर और अनिर्वचनीय होता है। ख (तर्क): क्योंकि रस को ब्रह्मानंद का समानार्थी कहा गया है। कूट:

(अ) क और ख दोनों सही
(ब) क सही, ख गलत
(स) क गलत, ख सही
(द) क और ख दोनों गलत

उत्तर: (अ) क और ख दोनों सही

36 क (स्थापना): रस का निर्णायक सहृदय है। ख (तर्क): क्योंकि सहृदय रस का समीक्षक होता है। कूट:

(अ) क और ख दोनों सही
(ब) क सही, ख गलत
(स) क गलत, ख सही
(द) क और ख दोनों गलत

उत्तर: (ब) क सही, ख गलत

37 भरत ने रसो की संख्या कितनी मानी?

(अ) दस
(ब) पांच
(स) आठ
(द) नौ

उत्तर: (स) आठ

38 बीभत्स रस का स्थायी भाव है?

(अ) विस्मय
(ब) जुगुप्सा
(स) निर्वेद
(द) शोक

उत्तर: (ब) जुगुप्सा

39 आलंबन और उद्दीपन रस के किस अंग के भेद है?

(अ) स्थायी भाव
(ब) संचारी भाव
(स) व्यभिचारी भाव
(द) विभाव

उत्तर: (द) विभाव

40 सात्त्विक अनुभाव कितने प्रकार के माने गए है?

(अ) दस | (ब) दो
(स) आठ | (द) तीन

उत्तर: (स) आठ

41 रस का भोक्ता वास्तविक रामादि एवं नट को किसने माना?

(अ) भट्टनायक | (ब) भट्टलोल्लट
(स) अभिनवगुप्त | (द) श्री शंकुक

उत्तर: (ब) भट्टलोल्लट

42 किस आचार्य का सिद्धांत चित्र-तुरंग-न्याय पर आधारित था?

(अ) भट्टलोल्लट | (ब) भट्टनायक
(स) शंकुक | (द) अभिनवगुप्त

उत्तर: (स) शंकुक

43 'अभिव्यक्तिवाद' किस आचार्य का सिद्धांत है?

(अ) भट्टनायक | (ब) अभिनवगुप्त
(स) भट्टलोल्लट | (द) शंकुक

उत्तर: (ब) अभिनवगुप्त

44 न्याय सिद्धांत के आधार पर रसनिष्पत्ति की व्याख्या करने वाले व्याख्याकार थे?

(अ) अभिनवगुप्त | (ब) शंकुक
(स) रामचंद्र शुक्ल | (द) भट्टनायक

उत्तर: (ब) शंकुक

45 आलंबन का साधारणीकरण मानने वाले व्याख्याकार कौन है?

(अ) रामचंद्र शुक्ल | (ब) डॉ. नगेन्द्र
(स) केशवप्रसाद मिश्र | (द) अज्ञेय

उत्तर: (अ) रामचंद्र शुक्ल

46 काव्यशास्त्र में 'आत्मा' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किया?

(अ) दण्डी | (ब) वामन
(स) रुद्रट | (द) कुंतक

उत्तर: (ब) वामन

47 भावक या पाठक का साधारणीकरण माना?

(अ) रामचंद्र शुक्ल | (ब) श्यामसुंदर दास
(स) डॉ. नगेन्द्र | (द) केशवप्रसाद मिश्र

उत्तर: (स) डॉ. नगेन्द्र

48 रसनिष्पत्ति में ब्रह्म-सहोदर की व्याख्या की?

(अ) भट्टलोल्लट | (ब) भट्टनायक
(स) अभिनवगुप्त | (द) शंकुक

उत्तर: (ब) भट्टनायक

49 जिनके द्वारा आलंबन के मन में जाग्रत होने वाले स्थायीभाव की जानकारी होती है, उन्हें क्या कहते हैं?

(अ) संचारीभाव — (ब) अनुभाव

(स) उद्दीपन — (द) आलंबन

उत्तर: (ब) अनुभाव

50 भरतमुनि के रस सूत्र के व्याख्याता भट्टनायक के सिद्धांत का क्या नाम है?

(अ) अनुमितिवाद — (ब) उत्पत्तिवाद

(स) भुक्तिवाद — (द) अभिव्यक्तिवाद

उत्तर: (स) भुक्तिवाद

आपकी परीक्षा के लिए स्पेशल नोट्स — ऑर्डर पर तैयार!

RPSC, TGT, PGT, UPSC, UGC NET/JRF या किसी भी भर्ती परीक्षा के लिए आपके पाठ्यक्रम के अनुसार अलग से नोट्स ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं। यह सेवा सशुल्क है।

WhatsApp करें: 9680260474 | store.hindisahity.com | YouTube चैनल

केवल कृष्ण घोड़ेला (एम.ए., बी.एड., नेट हिंदी) • संचालक, हिंदी साहित्य चैनल

51 रस-सूत्र की कौनसी व्याख्या में साधारणीकरण की कल्पना की गई –

(अ) उत्पत्तिवाद — (ब) अभिव्यक्तिवाद

(स) अनुमितिवाद — (द) भुक्तिवाद

उत्तर: (द) भुक्तिवाद

52 किसके अनुसार नाटकीय प्रपंच, नाटककार, प्रेक्षक सभी का साधारणीकरण होता है ?

(अ) बाबू गुलाब राय — (ब) नगेन्द्र

(स) अभिनवगुप्त — (द) भट्टनायक

उत्तर: (अ) बाबू गुलाब राय

53 साधारणीकरण की व्याख्या करने में 'मधुमती की भूमिका' की परिकल्पना प्रस्तुत की –

(अ) रामचन्द्र शुक्ल — (ब) विश्वनाथ

(स) श्यामसुंदर दास — (द) नगेन्द्र

उत्तर: (स) श्यामसुंदर दास

54 किस आचार्य ने रस-सूत्र के व्याख्या के संदर्भ में काव्य की तीन शक्तियों की कल्पना की ?

(अ) शंकुक — (ब) भट्टनायक

(स) मम्मट — (द) अभिनवगुप्त

उत्तर: (ब) भट्टनायक

55 अनुभाव के कितने रूप माने गए है?

(अ) चार — (ब) तीन

(स) पाँच — (द) एक

उत्तर: (अ) चार

56 अस्थिर मनोविकार अथवा चित्तवृत्तियाँ क्या कहलाती है?

(अ) अनुभाव — (ब) संचारी भाव

(स) स्थायी भाव — (द) काव्य हेतु

उत्तर: (ब) संचारी भाव

57 सामान्यतः स्थायी भावों की संख्या कितनी मानी जाती है?

(अ) नौ
(ब) आठ
(स) चार
(द) छह

उत्तर: (अ) नौ

58 रसनिष्पत्ति के प्रथम व्याख्याकार कौन है?

(अ) श्री शंकुक
(ब) भट्टनायक
(स) भट्ट लोल्लट
(द) अभिनवगुप्त

उत्तर: (स) भट्ट लोल्लट

पाश्चात्य काव्यशास्त्र: प्लेटो, अरस्तू, लोंजाइनस

59 अरस्तू ने नाटक (त्रासदी) के कितने तत्त्व माने है?

(अ) सात
(ब) तीन
(स) छह
(द) पाँच

उत्तर: (स) छह

60 अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?

(अ) अरस्तू ने काव्य को अनुकरण का अनुकरण बताया
(ब) अरस्तू ने कहा कि अनुकरण दृश्य वस्तु-जगत की स्थूल अनुकृति नहीं है।
(स) अरस्तू का मानना है कि कवि रचना में दृश्य ज्यों का त्यों प्रस्तुत नहीं करता।
(द) अरस्तू ने इसे पुनः सृजन या पुनर्निर्माण कहा।

उत्तर: (अ) अरस्तू ने काव्य को अनुकरण का अनुकरण बताया

61 गणराज्य किस विद्वान की कृति है?

(अ) प्लेटो
(ब) अरस्तु
(स) लोंगिनुस
(द) कॉलरिज

उत्तर: (अ) प्लेटो

62 साहित्य का उद्देश्य 'विरेचन' किस विद्वान् ने माना?

(अ) अरस्तू
(ब) कॉलरिज
(स) जॉन ड्राइडन
(द) एडलर

उत्तर: (अ) अरस्तू

63 कल्पना के लिए 'फैन्सी' शब्द का प्रयोग किसने किया?

(अ) होरेस
(ब) प्लेटो
(स) जॉन ड्राइडन
(द) कॉलरिज

उत्तर: (द) कॉलरिज

64 कल्पना के दो प्रकार 'प्राथमिक कल्पना' और 'विशिष्ट (गौण) कल्पना' किसने माने?

(अ) इलियट
(ब) कॉलरिज
(स) प्लेटो
(द) अरस्तू

उत्तर: (ब) कॉलरिज

65 अरस्तु का काव्यालोचन ग्रंथ है –

(अ) पेरिइप्सुम

(ब) पेरिपोइतिकेस

(स) प्रोलितेरियस

(द) बायोग्राफिया लिटरेरिया

उत्तर: (ब) पेरिपोइतिकेस

66 प्लेटो की रचना नहीं है?

(अ) इओन

(ब) रिपब्लिक

(स) पोलितेइया

(द) पेरिपोइतिकेस

उत्तर: (द) पेरिपोइतिकेस

67 अरस्तु का जन्म और मृत्यु समय है –

(अ) 384 ई.पू. तथा 322 ई.पू.

(ब) 347 ई.पू. तथा 280 ई.पू.

(स) 375 ई.पू. तथा 300 ई.पू.

(द) 425 ई.पू. तथा 340 ई.पू

उत्तर: (अ) 384 ई.पू. तथा 322 ई.पू.

और अभ्यास चाहिए? पूरा सेट स्टोर पर

UGC NET/JRF हिंदी साहित्य की तैयारी के लिए नोट्स और टेस्ट सीरीज़ — नीचे के लिंक पर क्लिक करें

UGC NET/JRF हिंदी टेस्ट सीरीज़ | UGC NET Paper 1 Combo Notes | साहित्य शास्त्र नोट्स | काल-वार प्रश्नोत्तरी

68 'कविता प्रबल मनोवेगों का सहज उच्छलन है' मानते है –

(अ) कॉलरिज

(ब) रिचर्ड्स

(स) इलियट

(द) वर्ड्सवर्थ

उत्तर: (द) वर्ड्सवर्थ

69 'कैथार्सिस' का अर्थ है –

(अ) अनुकरण

(ब) शुद्धिकरण

(स) आनंद

(द) निर्वैयक्तिकरण

उत्तर: (ब) शुद्धिकरण

70 'पेरिइप्सुस' के रचयिता है –

(अ) क्रोचे

(ब) लोंजाइनस

(स) कॉलरिज

(द) रिचर्ड्स

उत्तर: (ब) लोंजाइनस

71 'विरेचन सिद्धांत' के प्रवर्तक कौन है –

(अ) इलियट

(ब) रिचर्ड्स

(स) अरस्तु

(द) गिलबर्ट मरे

उत्तर: (स) अरस्तु

72 'लिरिकल बैलेड्स' के रचनाकार कौन है?

(अ) इलियट

(ब) रिचर्ड्स

(स) वर्ड्सवर्थ

(द) कॉलरिज

उत्तर: (स) वर्ड्सवर्थ

73 अरस्तू कृत ग्रंथ 'काव्यशास्त्र' में कौनसे अध्यायों को प्रक्षिप्त माना गया है ?

(अ) 6 से 19 (ब) 23 और 24

(स) 21 और 22 (द) 12 और 20

उत्तर: (द) 12 और 20

74 अरस्तू का कौनसा ग्रंथ भाषण कला से सम्बन्धित है?

(अ) पेरिपोइएतिकेस (ब) तेखनेस रितोरिकेस

(स) वसीयतनामा (द) काव्यशास्त्र

उत्तर: (ब) तेखनेस रितोरिकेस

75 अनुकरण के किस रूप में कलाकार अपनी रुचि, इच्छा श्रेष्ठता के अनुरूप चित्र प्रस्तुत करता है ?

(अ) प्रतीयमान अनुकरण (ब) संभाव्य अनुकरण

(स) आदर्श अनुकरण (द) उपर्युक्त सभी

उत्तर: (स) आदर्श अनुकरण

76 किस विद्वान् ने काव्य की भर्त्सना करते हुए उसे समाज से बहिष्कृत करने का दर्शन दिया?

(अ) जॉन ड्राइडन (ब) अरस्तू

(स) लोंगिनुस (द) प्लेटो

उत्तर: (द) प्लेटो

77 'काव्य में उदात्त तत्त्व' (पेरिइप्सुम) का सिद्धांत किस पाश्चात्य आचार्य का है?

(अ) कॉलरिज (ब) सैन्त ब्यव

(स) अरस्तू (द) लोंगिनुस

उत्तर: (द) लोंगिनुस

78 किस विद्वान् ने त्रासदी का सर्वप्रथम गंभीर और सर्वांगीण विवेचन किया?

(अ) प्लेटो (ब) अरस्तू

(स) एडलर (द) कॉलरिज

उत्तर: (ब) अरस्तू

पाश्चात्य काव्यशास्त्र: रोमांटिक, आधुनिक, नई समीक्षा

79 'चित्रकार अथवा किसी भी अन्य कलाकार की ही तरह कवि भी अनुकर्ता है' कथन है –

(अ) प्लेटो (ब) अरस्तु

(स) सुकरात (द) इलियट

उत्तर: (ब) अरस्तु

80 'सर्वश्रेष्ठ क्रम में सर्वश्रेष्ठ शब्द काव्य है।' यह कथन किसका है?

(अ) हडसन (ब) मैथ्यू आर्नल्ड

(स) कॉलरिज (द) भामह

उत्तर: (स) कॉलरिज

81 कॉलरिज के कल्पना संबंधी विचारों के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?

(अ) कल्पना शक्ति ही निराकार विचारों को रूपायित करती है।
(ब) कल्पना भाव और विचार के बीच सामंजस्य स्थापित करती है।
(स) कॉलरिज के अनुसार ऊहा (फैंटेसी) काव्यगत सार्थक बिम्बों की रचना करती है।
(द) कल्पना आत्मा की शक्ति है और सर्जनात्मक है।

उत्तर: (स) कॉलरिज के अनुसार ऊहा (फैंटेसी) काव्यगत सार्थक बिम्बों की रचना करती है।

82 'कल्पना मानव-मस्तिष्क की बिंब-विधायिनी शक्ति है' मानते है –

(अ) वर्ड्सवर्थ
(ब) कॉलरिज
(स) क्रोचे
(द) इलियट

उत्तर: (ब) कॉलरिज

83 मूलतः दार्शनिक और सौंदर्यशास्त्री है –

(अ) कॉलरिज
(ब) क्रोचे
(स) रिचर्ड्स
(द) मैथ्यू आर्नल्ड

उत्तर: (ब) क्रोचे

84 क्रोचे के 'अभिव्यंजना सिद्धांत' को किस भारतीय आचार्य के सिद्धांत से जोड़ा जाता है –

(अ) वामन
(ब) कुंतक
(स) क्षेमेन्द्र
(द) मम्मट

उत्तर: (ब) कुंतक

85 'नयी समीक्षा' के जनक माने जाते है –

(अ) टी.एस. इलियट
(ब) वर्ड्सवर्थ
(स) बेनेदितो क्रोचे
(द) रिचर्ड्स

उत्तर: (अ) टी.एस. इलियट

86 अभिव्यंजनावाद को भारतीय वक्रोक्तिवाद का विलायती उत्थान माना है –

(अ) श्यामसुंदर दास
(ब) रामचंद्र शुक्ल
(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(द) लक्ष्मीनारायण सुधांशु

उत्तर: (ब) रामचंद्र शुक्ल

87 'काव्य जीवन की आलोचना है' ऐसा मानते है –

(अ) मैथ्यू अर्नाल्ड
(ब) रिचर्ड्स
(स) इलियट
(द) अरस्तु

उत्तर: (अ) मैथ्यू अर्नाल्ड

88 मार्क्सवादी आलोचक नहीं है –

(अ) प्लेखानोव
(ब) क्रिस्टोफर कॉडवेल
(स) राल्फ फॉक्स
(द) वर्ड्सवर्थ

उत्तर: (द) वर्ड्सवर्थ

89 'मूल्य सिद्धांत' के प्रवर्तक कौन है?

(अ) ड्राइडन
(ब) इलियट
(स) रिचर्ड्स
(द) वर्ड्सवर्थ

उत्तर: (स) रिचर्ड्स

90 वस्तुनिष्ठ समीकरण का सिद्धांत है –

(अ) आई.ए. रिचर्ड्स
(ब) टी.एस. इलियट
(स) मैथ्यू अर्नाल्ड
(द) जॉन ड्राइडन

उत्तर: (ब) टी.एस. इलियट

91 'निर्वैयक्तिकरण' सिद्धांत है –

(अ) इलियट
(ब) कॉलरिज
(स) वर्ड्सवर्थ
(द) क्रोचे

उत्तर: (अ) इलियट

92 'एम्बिगुइटी' नयी समीक्षा में इस शब्द के प्रवर्तक है –

(अ) एलन टेट
(ब) विलियम एम्पसन
(स) राबर्ट पेन वारेन
(द) जान क्रो रेन्सम

उत्तर: (ब) विलियम एम्पसन

93 मिथकीय समीक्षा का सबसे समर्थ प्रवक्ता है –

(अ) नार्थप फ्राई
(ब) कैरिसर
(स) विको
(द) रिचार्ड चेज

उत्तर: (अ) नार्थप फ्राई

94 'मिथ' शब्द कहाँ का है –

(अ) यूनानी
(ब) रोमानी
(स) चीनी
(द) जापानी

उत्तर: (अ) यूनानी

95 'सेवन टाइप्स ऑफ एम्बिगुइटी' के रचनाकार है –

(अ) विमसाट
(ब) विलियम एम्पसन
(स) ब्लैकमर
(द) राबर्ट पेन वारेन

उत्तर: (ब) विलियम एम्पसन

96 'आम आदमी की भाषा' अथवा 'ग्रामीण भाषा' के पक्षधर थे –

(अ) कॉलरिज
(ब) वर्ड्सवर्थ
(स) क्रोचे
(द) अरस्तु

उत्तर: (ब) वर्ड्सवर्थ

97 'परंपरा और व्यक्ति-प्रज्ञा' निबंध के लेखक है –

(अ) आई.ए. रिचर्ड्स
(ब) बेनेदितो क्रोचे
(स) इलियट
(द) कॉलरिज

उत्तर: (स) इलियट

98 'अभिव्यंजना सिद्धांत' के प्रवर्तक है –

(अ) क्रोचे
(ब) कॉलरिज
(स) मैथ्यू अर्नाल्ड
(द) वर्ड्सवर्थ

उत्तर: (अ) क्रोचे

99 'द कॉकटेल पार्टी' काव्य के लेखक है –

(अ) ड्राइडन | (ब) रिचर्ड्स
(स) वर्ड्सवर्थ | (द) इलियट

उत्तर: (द) इलियट

100 टी.एस. इलियट मूलतः थे –

(अ) जर्मनी | (ब) रूसी
(स) फ्रांसीसी | (द) अमरीकी

उत्तर: (द) अमरीकी

आगे की तैयारी के लिए — हिंदी साहित्य स्टोर

इस PDF के सभी 279 प्रश्न ऑनलाइन क्विज़ के रूप में हिंदी साहित्य चैनल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा-केंद्रित नोट्स और टेस्ट पेपर स्टोर पर:

- साहित्य शास्त्र (काव्यशास्त्र) नोट्स PDF
- UGC NET/JRF हिंदी टेस्ट सीरीज़ – 33 टेस्ट पेपर, 1500+ प्रश्न
- आदिकाल, रीतिकाल, भक्तिकाल और आधुनिक काल की काल-वार प्रश्नोत्तरी
- UGC NET Paper 1 Combo Notes (10 इकाइयाँ)

store.hindisahity.com | NET/JRF टेस्ट सीरीज़ | NET Paper 1 Notes | hindisahity.com | 279 प्रश्न ऑनलाइन

आपकी परीक्षा के लिए स्पेशल नोट्स — ऑर्डर पर तैयार!

RPSC, TGT, PGT, UPSC, UGC NET/JRF या किसी भी भर्ती परीक्षा के लिए आपके पाठ्यक्रम के अनुसार अलग से नोट्स ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं। यह सेवा सशुल्क है।

WhatsApp करें: 9680260474 | store.hindisahity.com | YouTube चैनल

केवल कृष्ण घोड़ेला (एम.ए., बी.एड., नेट हिंदी) • संचालक, हिंदी साहित्य चैनल